आईआईएम में खेल प्रबंधन पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा शुरू

ग्रोवर बोले- खेल नीति के कारण हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते सबसे ज्यादा पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा है कि यह भाजपा सरकार की खेल नीति का परिणाम है कि जकार्ता में एशियन खेलों में प्रदेश के खिलाडिय़ों ने देश के लिए सबसे ज्यादा पदक जीते हैं। ग्रोवर मंगलवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक में खेल प्रबंधन के क्षेत्र में कार्यकारी पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के शुभारंभ पर संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स में भारत ने 69 मेडल जीते हैं और इनमें सबसे ज्यादा 13 मेडल हरियाणा के हैं। ग्रोवर ने कहा कि खेल नीति के तहत नकद पुरस्कार के अलावा श्रेणी दो की नौकरी से लेकर एचसीएस व एचपीएस की नौकरी का प्रावधान किया गया है। इस मौके पर पंजाब सरकार के खेल मंत्री राणा गुरमीत सिंह सोढी ने खेल के आयोजक के रूप में सावधान रहने की आवश्यकता को समझाया। इसके अलावा सोढ़ी ने कहा कि उन्हें भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक से निकलने वाले खेल प्रबंधकों से ऊंची उम्मीद है और वह इस पाठ्यक्रम के स्नातकों को जल्द ही भारतीय खेल में बदलाव लाते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं।

समारोह की शुरुआत करते हुए भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक के डायरेक्टर प्रो. धीरज शर्मा ने कहा कि खेल एक महत्वपूर्ण और तेजी से बढ़ता हुआ उद्योग है। खेल में भ्रष्टाचार के बढ़ते जोखिम पर नीरज कुमार ने कहा कि विपणन और विज्ञापन के खेल में सम्मिलित होने से उनमें भ्रष्टाचार की वृद्धि हुई है। इस निकाय में कमेंटेटर अतुल वासन, आजाम मेमन, जीवन मिल्खा सिंह, कुणाल करण सिंह , भारत के पहले ब्लेड धावक मेजर डीपी सिंह, नरिंदर ध्रुव बत्रा और ऋषि नारायण शामिल हैं। किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री वाले अभ्यर्थियों को इस कार्यक्रम में आवेदन करने के लिए पात्र होगा।